तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कटघोरा का राजा: विघ्नहर्ता की निकाली गई भव्य शोभायात्रा



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

### खबर संक्षेप

## अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु पंजीयन प्रारंभ

**कोरबा।** अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जिले के अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 29 अगस्त तक पंजीयन करवा सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है।

### उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम आमापाली में हुई थी घटना

# आबकारी की टीम पर हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़, एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व जिला आबकारी की टीम शराब पकड़ने के गांव गई हुई थी जहां शराब पकड़ने के दौरान महिलाओं ने आबकारी विभाग की टीम का घेराव कर दिया था और उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। मारपीट की घटना के बाद आबकारी की टीम ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की थी जिस पर पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले व कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आबकारी कार्यालय में पदस्थ नारायण सिंह कंवर उम्र 55 वर्ष पिता स्व. गणेश राम कंवर ने 19 अगस्त को उरगा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 19 अगस्त की सुबह 9 बजे आबकारी विभाग के अधिकारी / कर्मचारियों के द्वारा ग्राम आमापाली में अवैध कच्ची महुआ शराब रेड की संयुक्त कार्यवाही करते समय उसका विरोध कर आरोपी शंकर खड़िया और उसके परिजनों के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए गाली गलौच कर मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ किया गया है। जिसकी शिकायत पर थाना पुलिस ने धारा 296, 221, 132, 121 (1), 324(2),3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की गई। विवेचना के दौरान धारा 191 (2) बीएनएस जोड़ी गई है। मामले में ⏭ शेष पेज 3 पर

### दो अलग- अलग मामलों में 32 लीटर शराब जब्त

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में 21 अगस्त को जिले में आबकारी वृत्त कटघोरा में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय पांडेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान पसान से लगभग 900 मीटर दूरी पर ग्राम पसान थाना पसान में दुर्गेश रजक के मकान में दबिश दी गई जहाँ आरोपी के संज्ञान आधिपत्य से कुल मिलाकर 15.500 लीटर महुआ शराब और 45 किलो महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च),34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि केराकछार निवासी सुरेश कुमार जायसवाल द्वारा अपने घर के पीछे कच्ची महुआ शराब बनाते हुए पकड़ा गया तथा शराब बनाने वाले भट्ठा और महुआ पास को नष्ट किया गया एवं आरोपी के कब्जे से बिक्री हेतु रखे 17 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन को जप्त कर आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# मालगाड़ी के नीचे कूदकर युवक ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भिलाईखुर्द अंडरब्रिज के पास युवक की लाश मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। साथ ही युवक की पहचान के लिए पुलिस जुटी हुई है। मालगाड़ी के लोको पायलट ने बताया कि युवक ट्रैक किनारे चल रहा था। हॉर्न बजाकर गाड़ी की रफ्तार कम की। कुछ देर बाद गार्ड ने कॉल कर बताया कि युवक ने मालगाड़ी के पहिए के नीचे कूदकर जान दे दी है। कुलदीप तिवारी ने बताया कि मृतक की उम्र 30-35 साल के बीच है। पुलिस वॉट्सअप ग्रुप में फोटो शेयर कर और आसपास की बस्तियों में पूछताछ कर पहचान की कोशिश कर रही है। शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
LIMITED TIME, UNLIMITED FAYDE.
FAYDE KE 20 DIN
21ST AUGUST - 10TH SEPTEMBER
SUNDAY OPEN
MARKETED BY FOR ONE MEDIA
New Launch | Bulk Purchase | Combos | Spot Booking | Upto 60% Off & More
BATHWARE • TILES • STONES • PLY-LAM-VENEER • HARDWARE • WINDOWS & MORE
KOHLER. | fima CARLO FRATTINI | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES | ETERNIA a happy union of spaces | hansgrohe | icon WORLD OF TILE
HÄFELE | Oyster | FlexStone | haique ELEVATED LIVING | EVEREST PLY BEST PLY FOREVER | CM CERAMUSE
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Near Jio BP Petrol Pump, Devpuri +91 85188 82010
BILASPUR Vyapaar Vihar Chowk +91 85188 82030
JAGDALPUR Chitrakote Road +91 85188 82020

## खबर संक्षेप

### कॉलेज परिसर से कबाड़ हटाने के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र



**हरदीबाजार।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने शा.ग्रा.भा.महाविद्यालय हरदीबाजार के अस्थाई भवन में पुराने भवन से निकले लोहा, टीन, दरवाजा खिड़की जैसे अनेकों कबाड़ कॉलेज परिसर के अंदर डंप कर रखा गया हैं जो कि विद्या के मंदिर में शोभा नहीं देता और छात्रों को जहरीले जीव जंतु से भी डर बना हुआ है। ऐसा लग रहा है मानो खदान में नियोजित प्राईवेट कंपनी का आफिस हो, मनमोहन ने यह भी कहा कि आखिर छात्रों से क्या दुश्मनी है हरदीबाजार कॉलेज के छात्र/छात्राएं उमस भरी गर्मी से परेशान हैं और बस स्टैंड से कालेज तक दो किलोमीटर पैदल आने जाने की परेशानी है। दूसरी ओर उत्तर पुस्तिका की जांच में लापरवाही अखीर क्यों कर रहे है। मनमोहन ने यह भी कहा कि कॉलेज में पढ़ाई चालू हो गया है मगर व्यवस्थित अभी तक नहीं हुआ है ऐसे में छात्रों की पढाई पर व्यापक असर पड़ेगा। जल्द कबाड़ को कही दूसरे जगह रखे जाने तथा ज्ञान का मंदिर, मंदिर जैसा लगे और साफ सुथरा व सुरक्षित भी रहे उसके लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया है।

### एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन 23 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा शिविर एवं विकासखंड स्तरीय आंकलन शिविर आयोजित करने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकता निर्धारण के साथ यूनिक आईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना एवं सभी प्रकार के दिव्यांगता आधारित मूल्यांकन एवं परीक्षण किया जाना है। शिविर के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, जनपदों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एण्ड गाईड, समस्त शैक्षिक समन्वयक स्कूल शिक्षा विभाग और समस्त पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा को विभिन्न दायित्व सौंपा गया है। जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे शाम 4 बजे तक सीएसईबी सीनियर क्लब में किया जायेगा। इसी तरह विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन 25 अगस्त को बीआरसीसी कोरबा (अंधरीकछार), 28 अगस्त को बीआरसीसी पाली, 29 अगस्त को बीआरसीसी पोंड़ी उपरोड़ा, 30 अगस्त को बीआरसीसी कटघोरा और 1 सितंबर को बीआरसीसी करतला में किया जायेगा।

## निधन

### श्रीमती गीता महंत



**कोरबा।** कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ता व पुरानी बस्ती कोरबा वार्ड की पूर्व पार्षद पंजाबी गुरुद्वारा रोड पुरानी बस्ती निवासी श्रीमती गीता महंत का निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। निधन की खबर से पुरानी बस्तीवासियों सहित कांग्रेसजनों व नगरजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

### आदर्श टमकोरिया



**कोरबा।** आदर्श टमकोरिया पिता किशन लाल टमकोरिया उम्र 30 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। जिसकी अंतिम यात्रा 22 अगस्त की दोपहर 3 बजे निवास स्थान मेन रोड सीतामणी से निकाली जाएगी और अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मोतीसागर पारा में की जाएगी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

## निगम आयुक्त ने बालको प्रबंधन को सौंपा दायित्व

# बालको करेगा परसाभाठा बाजार चौक का कायाकल्प, सुधरेगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त की विशेष पहल पर बालकोनगर के परसाभांठा बाजार व चौक का कायाकल्प किया जाएगा। जीर्ण-शीर्ण शेड के स्थान पर नए शेड लगेंगे, पसरे दुरूस्त होंगे, बिजली पानी की पर्याप्त व्यवस्था होगी, बाजार का जीर्णोद्धार होगा एवं परसाभांठा चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, चौक की व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी। निगम आयुक्त ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों एवं निगम की टीम के साथ परसाभांठा बाजार व चौक का निरीक्षण कर उक्त कार्यो का दायित्व बालको प्रबंधन को सौंपा, जिस पर प्रबंधन द्वारा अपनी सहमति जताते हुए उक्त संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने को कहा गया।

अपने नियमित प्रातः भ्रमण की कड़ी में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय बुधवार को अधिकारियों की टीम के साथ नगर निगम के बालको जोन अंतर्गत विभिन्न स्थलों का दौरा किया। उन्होंने बालको प्रबंधन के अधिकारियों की उपस्थिति में परसाभांठा बाजार व चौक का निरीक्षण किया। बालको नगर का परसाभांठा बाजार वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण हालत में है, जिसके मरम्मत, जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के साथ वहां आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रबंधन के अधिकारियों से कहा कि वे अपने सीएसआर मद से परसाभांठा बाजार में आवश्यक मरम्मत, सुधार व विकास कार्य करें, उन्होंने बाजार में पसरों की मरम्मत, नए शेड लगाने, पानी, बिजली की सुविधा मुहैया कराने एवं पसरों के बीच आने जाने के मार्ग का जीर्णोद्धार करने सहित अन्य विकास कार्य किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे चौक का सौदंर्यीकरण कराएं एवं इस दिशा में आवश्यक निर्माण कार्य कर चौक में हाईमास्ट लाईट की स्थापना, सड़क की मरम्मत, जीर्णोद्धार, पेंटिंग पोताई व थीम आधारित चित्रकारी कर सौदंर्यीकरण आदि के कार्य कराएं।



निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देते निगम आयुक्त।

### आईटीआई चौक के समीप होगा सौंदर्यीकरण

आयुक्त निर्देश दिया कि आईटीआई चौक के समीप बालको रोड पर स्थित प्रबंधन के प्रवेशद्वार के पास सड़क के किनारे खुले में मछली दुकानें लगाई जा रही है, प्रशासन द्वारा इन दुकानों को वहाँ से हटाकर विस्थापित किया जाएगा। उन्होंने प्रबंधन से कहा कि वे सीएसआर मद से सड़क के किनारे उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण कराएं, वहां ग्रील लगाकर स्थल को ग्रीन-बेल्ट के रूप में विकसित कर ते हुए थीम आधारित पेंटिंग पोताई आदि से स्थल को सौंदर्यीकृत कर जिस पर बालको प्रबंधन के अधिकारियों ने अपनी सहमति जताई।

# लोहे की रेलिंग चोरी पर नगर निगम के अधिकारी मौन



इस क्षेत्र के रेलिंग की हो रही है चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी चौक से ब्लूबर्ड स्कूल के सामने से होते हुए निहारीका, सुभाष चौक सड़क के किनारे लोहे का रेलिंग नगर पालिका निगम द्वारा लगाया गया है, उसे असामाजिक तत्वों के द्वारा और कबाड़ियों के द्वारा रात को तोड़कर निकाल लिया जाता है। आप सड़क के किनारे देख सकते हैं, पूरा लोहे का रेलिंग गायब हो चुका है। इसी मुख्य मार्ग से नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों का आना-जाना निरंतर होता रहता है। दरअसल निहारिका टॉकीज के पीछे नगर निगम का आवासीय परिसर है। सारे अधिकारी देख रहे हैं, लेकिन किसी ने भी पुलिस में शिकायत नहीं करायी है। नगर निगम के विकास के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं शहर की खूबसूरती के लिए लगाए गए लोहे का ग्रिल को चोरों द्वारा चोरी कर ले जा रहे हैं। जिस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है और ऐसा कड़ा निर्देश नगर निगम के आयुक्त को जारी करना चाहिए कि किसी भी कार्यपालन अभियंता या कोई भी जोन में नगर निगम की शासकीय संपत्ति की चोरी या नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जाता है, तो उनके खिलाफ तत्काल संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराया जाए और चोरों के ऊपर करवाई सुनिश्चित की जाए।

# पंचायत भवन में ग्रामीणों की हुई बैठक, आज होगी त्रिपक्षीय वार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



बुधवार को एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा ग्राम पंचायत को बिना पूर्व सूचना दिए, मकान नापी सर्वे टीम हरदीबाजार के वार्ड 10 पहुंची थी। जिसके विरोध में अपनी मांगों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ जाकर नापी सर्वे का विरोध किया गया साथ ही ज्ञापन थाना, तहसीलदार एवं एसईसीएल के अधिकारी को दिया गया। गुरुवार को तहसीलदार हरदीबाजार से प्राप्त सूचना मिली कि शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में बैठक रखी गई है। जिस पर हरदीबाजार पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के द्वारा पंचायत भवन में बैठक आयोजित कि गई। जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया कि एसईसीएल संबंधित जो भी बैठक है वो तहसीलदार हरदीबाजार व ग्राम पंचायत भवन में रखी जाए। बैठक शुक्रवार को रखी जाएगी जिसमें एसईसीएल के सक्षम अधिकारी जो उचित निर्णय लेने में सक्षम हो। बैठक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, नरेश टंडन,अजय दुबे,रामशरण कंवर, रमेश अहिर,टंकेश्वर जायसवाल,अरुण राठौर,प्रमोद जायसवाल,राजेश जायसवाल, अशोक डिक्सेना,बाबी राठौर, सुरेंद्र राठौर,भानूप्रताप कंवर,मनमोहन खांडे, रामेश्वर यादव, उमेश कुमार, राजेन्द्र जगत,श्याम रात्रे, नरेंद्र राठौर, राजाराम राठौर,कृपाली चैतन्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मितानिन संघ के सह संयोजक मुख्यमंत्री से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा प्रदेश कार्यक्रम योजना प्रभारी व प्रदेश मितानिन संघ के सह संयोजक राजेश यादव ने मुख्यमंत्री व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मिलकर मितानिनो की समस्याओ से अवगत कराया।

ज्ञात हो कि भाजपा ने चुनावी घोषित पत्र 2023 में मितानिन कार्यक्रम के लिए घोषणा किया गया था कि मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक हेल्प डेस्क फेसलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को एनएचएम अंतर्गत संविलियन किया जाएगा किंतु इसके विपरीत प्रशासन द्वारा पुनः मितानिन कार्यक्रम संचालन हेतु एनजीओ दिल्ली के संस्था को दे दिया गया है जिससे हम सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक हेल्प डेस्क फेसलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर निराश होकर प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ अपने लंबित मांगों को लेकर मितानिन कार्यक्रम के मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर द्वारा प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन काम बंद, कलम बंद कर हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन जारी है पूर्व में संघ द्वारा शासन का ध्यान आकर्षण के लिए अपनी मांगों को लेकर 13 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था किंतु संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जानकारी दिया गया कि शासन द्वारा हमारी मांगों को गंभीरतापूर्वक विचार किया जा रहा है किंतु अब तक हमारी मांगों पर शासन द्वारा विचार न किए जाने पर एवं पिछले 13 माह से हमारा वेतन/क्षतिपूर्ति भुगतान तीन से चार माह के अंतराल में किए जाने पर संघ द्वारा पुनः 29 जुलाई को एकदिवसीय राज्य स्तरीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन एवं 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन काम बंद कलम बंद कर प्रदेश स्तरीय हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन ग्राम तुता नया रायपुर में निरंतर चल रहा है।



संघ के पदाधिकारी।

# तीज महोत्सव में वरिष्ठों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत आदर्श नगर कुसमुंडा में साहू समाज कुसमुंडा मंडल द्वारा तीज महोत्सव व वरिष्ठों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती कुमारी झा व विशिष्ट अतिथि भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा शामिल हुए। समाज के द्वारा श्रीमती सोनी कुमारी झा व विकास झा का पुष्प गुच्छ भेंट कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व साहु समाज के वरिष्ठों के द्वारा भारत माता व भक्त माता कर्मा का दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। जिसके बाद साहु समाज के महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत - संगीत के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं मुख्य अतिथि सहित समाज के वरिष्ठों को मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की प्रशंशा की और कहा कि समाज के लिए व लोगों के लिए किसी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता हो हमें बताएं हम उसे पुरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों के द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि हूं हमें निवेदन आवेदन नहीं करें सीधा पालिका कार्यालय आकर बताएं। वहीं विशिष्ट अतिथि विकास झा ने कहा कि बांकीमोंगरा नगर को हम सब मिलकर बांकीमोंगरा नगर को सुंदर व सर्वश्रेष्ठ नगर पालिका बनाने का काम करेंगे, आने वालों वर्षों में सभी समाज के लिए आवश्यकता अनुसार भवन, बिजली, पानी, सड़क का व्यवस्था किया जाएगा। वहीं श्री झा ने कहा कि साहू समाज कुसमुंडा द्वारा समाज के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भवन की मांग किये है। निश्चित ही आने वाले वर्ष में जब तीज महोत्सव या सावन उत्सव मनाया जाएगा तो नये भवन में बनाने का प्रयास करेंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया की सुरक्षित जानकारी और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व साइबर सेल कोरबा की टीम ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञों में अजय सोनवानी (इंचार्ज, साइबर सेल कोरबा), आदित्य शर्मा (असिस्टेंट मैनेजर, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस), विरकेश्वर प्रताप सिंह (तकनीकी विशेषज्ञ, साइबर सेल), तथा रवि चौबे (तकनीकी विशेषज्ञ, साइबर सेल कोरबा) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम एक इंटरएक्टिव सत्र के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना या अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल स्वीकार करना हैकिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी का प्रमुख कारण है। उन्होंने सोशल मीडिया का सही और उपयोगी उद्देश्य से इस्तेमाल करने की सलाह दी। सत्र का मुख्य आकर्षण डिजिटल अरेस्ट जैसे नए प्रकार के साइबर अपराधों पर चर्चा रही। विशेषज्ञों ने समझाया कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी संस्था, बैंक या पुलिस व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी या सीवीवी नंबर मांगने के लिए कॉल नहीं करते। ऐसे किसी भी संदिग्ध कॉल की सूचना तुरंत अपने माता-पिता को देने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने साइबर सुरक्षा टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।




साइबर जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारी व अन्य।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार की योजना वोमेन फार ट्री के तहत गुरूवार को महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास उमंग के परिसर में पौधों का रोपण किया एवं इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। केन्द्र सरकार के योजना अमृत 2.0 मिशन के तहत वोमेन फार ट्री पहल अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं महिला भागीदारी को इस कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जो भारत सरकार की एक पेड़ मां के नाम मुहिम से प्रेरित है। इस पहल के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह को पौधा रोपण, उनकी देखभाल व संरक्षण व इसके प्रति जागरूता जैसे कार्यो से जोड़ा गया है।

इस योजना का प्रमुख उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वृक्षारोपण, उनकी निगरानी, संरक्षण, संवर्धन आदि में सक्रिय रूप से शामिल करना आदि शामिल है। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत इस पहल के अंतर्गत 2100 पौधे लगाए जाने हैं, जिनके लिए निगम क्षेत्र में 5 स्थलों का चयन किया गया है, इन स्थलों पर महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में डिंगापुर स्थित दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास उमंग के परिसर में 500 पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का कार्य आशीष महिला स्वसहायता समूह, दिव्य महिला स्वसहायता समूह, शक्ति महिला स्वसहायता समूह, प्रगति महिला स्वसहायता समूह व जय माँ सर्वमंगला महिला स्वसहायता समूह की सदस्याओं के द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद अशोक चालवानी, एम.आई.सी.सदस्य अजय कुमार चन्द्रा व सरोज शांडिल्य, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, प्रताप सिंह कंवर आदि ने भी पौधा रोपण किया।




पौधरोपण करते अतिथि।

# मसीही समाज ने निकाली रैली, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में मसीही समाज के अनुयायियों ने रैली निकालकर प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमें अपने धर्म का प्रचार प्रसार और इसे मानने का अधिकार देता है, जो कि हमारा एक मौलिक अधिकार है। समाज ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व के लोग लगातार हमें परेशान कर रहे हैं। छोटी सी प्रार्थना भी जब हम करते हैं तब वह धर्मांतरण का आरोप लगाकर हमारे घर और चर्च तक पहुंच रहे हैं। घर में बर्थडे, सालगिरह या कोई भी छोटा सा धार्मिक आयोजन भी नहीं कर पा रहे। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 25 का जिक्र किया गया है। इसके मुताबिक अपने धर्म का पालन करना, मानना मौलिक अधिकार है। दुर्ग में ननों की गिरफ्तारी के बाद धर्मांतरण का मुद्दा छत्तीसगढ़ के साथ देश में छाया हुआ है। मसीही समाज का कहना है कि हमारे लोग लगातार परेशानी झेल रहे हैं। हमें गर्व है कि हम भारत देश के निवासी हैं, जिसका गौरवशाली इतिहास है। देश में संविधान से ही सारे नियमों का संचालन होता है। यह हमारा मौलिक अधिकार है कि धर्म का प्रचार प्रसार करें। समाज के लोगों का कहना है कि, संविधान हमें अपने धार्मिक आयोजनों को पूर्ण करने का अधिकार देता है। इसी बात के लिए हम प्रशासन को जागृत करने इकट्ठा हुए हैं। हमें बचपन से सिखाया गया है कि हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी भाई-भाई। बचपन से हम यह नारा सुनते आ रहे हैं, सभी हमारे अपने हैं। उन्हें हम कहना चाहते हैं कि जिस तरह से आप अपने धर्म का पालन करते हैं। उसके प्रति जागरुक हैं, ठीक उसी तरह से हम अपने धर्म का पालन कर रहे हैं। चर्च वेलफेयर एसोसिएशन कोरबा के अध्यक्ष सीमा गोस्वामी ने कहा कि हम पर अक्सर यह झूठा आरोप लगाया जाता है कि हम धर्मांतरण करवा रहे हैं। धर्म के नाम पर राजनीति हो रही है। इकट्ठा होकर प्रशासन को संविधान का पालन करने और अपने धर्म के पालन के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपे हैं।



रैली में शामिल मसीही समाज के लोग।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया वन अधिकार पट्टा निरस्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने पात्रता नहीं होने के कारण प्राप्त पट्टे को निरस्त कर छत्तीसगढ़ शासन के पक्ष में राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार पोंड़ी उपरोड़ा को आदेशित किया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय कलेक्टर के आदेश 21 अगस्त को अनावेदक रामावतार पिता देवनारायण जाति-गोंड, मूलतः ग्राम कुम्हारीसानी के निवासी है, परन्तु उनके द्वारा वर्तमान में ग्राम-कांसामार प0ह0नं0-34 तहसील पोड़ीउपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ0ग0) में विगत 4-5 वर्षों से कब्जा कर खसरा नंबर 16/1 में से रकबा 1.216 हे0 भूमि का वन अधिकार पट्टा प्राप्त किया गया है। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परांपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम-2006 संशोधित अधिनियम, 2012 के तहत अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को वन अधिकार पत्र की पात्रता दिनांक 13.12.2005 के पूर्व कब्जा हो तथा आवेदित ग्राम के मूल निवासी होने की पात्रता रखती हो परन्तु अनावेदक रामावतार पिता देवनारायण मूलतः ग्राम-कांसामार तहसील पोड़ीउपरोड़ा की निवासी नहीं होने के कारण खसरा नंबर 16/1 में से रकबा 1.216 हे0 (बटांकन पश्चात ख0नं0 16/13 रकबा 1.216 हे0) भूमि के प्राप्त वन अधिकार पट्टा निरस्त कर छ0ग0शासन के पक्ष में राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार पोंड़ी उपरोड़ा को आदेशित किया गया है।

### आयुर्वेदिक चिकित्सकों की 22 को एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल

**कोरबा।** संविदा आयुर्वेदिक चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय सामुहिक हड़ताल पर रहेंगे। संविदा आयुर्वेद चिकित्सक पूरे जिले में 59 चिकित्सक हैं, जिसमें से 27 चिकित्सक संविदा में विगत 23 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं जन-मानस को दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संबद्ध विभिन्न मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त कर्मचारी शिक्षक संगठन एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश के शासकीय सेवकों को मोदी की गारंटी के तहत केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता वर्ष 2019 से लंबित एरियर्स को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, पिंगुआ कमेटी के रिपोर्ट एवं सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वेतन विसंगति के लिये गठित कमेटी की रिपोर्ट सार्वजानिक करने, चार स्तरीय समयमान वेतनमान प्रदेश के अनियमित संविदा व दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन का मांगों के समर्थन में 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर कलम बंद कामबंद हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है।

### अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र बना ग्रामीण विकास का नया आधार

**कोरबा।** भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांव-गांव तक डिजिटल सेवाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र अब ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिले के ग्राम बेला में प्रारंभ हुए इस केन्द्र ने ग्रामीणों को न केवल समय की बचत कराई है बल्कि उन्हें शहरों के चक्कर लगाने से भी मुक्ति दिलाई है। अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में बैंकिंग सेवाओं से लेकर दस्तावेज़ सत्यापन, पेंशन, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तक सभी कार्य हो रहे हैं। अब गांव की महिलाएं और बुजुर्ग भी सहजता से इन सेवाओं का लाभ उठा पा रहे हैं। जिले के ग्राम बेला में रहने वाले श्री धनीराम कंवर बताते हैं कि अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र खुलने से हमें अब बालको पैसे निकालने जाने की आवश्यकता नहीं होती। पहले छोटी-छोटी आर्थिक जरूरतों के लिए भी हमें कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सारी सुविधा हमें अपने ही गांव में उपलब्ध है। मेरी सभी आवश्यक कार्यवाही - पैसे निकालना, शासकीय योजनाओं का लाभ लेना, कार्ड बनवाना - सब इसी केन्द्र से हो जाती है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार में जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चुलेश्वर राठौर और बंटी राठौर उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य गणेश सिंह कंवर, व्याख्याता श्रीमती बिमला राठौर, यू एल डहरिया, प्रमोद कुमार राठौर, श्रीमती गायत्री राठौर, श्रीमती अदिति उपाध्याय, श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा, श्रीमती रीता सिंह, श्रीमती प्रियंबा राजवाड़े, श्रीमती मल्लिका टंडन ,श्रीमती कंचन शीला नायक, सहायक शिक्षक विज्ञान, सी आर सिदार, श्रीमती नीलिमा पांडेय, अविनाश कौशिक, श्रीमती लता अनंत, भुवनेश्वर सिंह मरावी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राधा कृष्ण जी की दीप जलाकर फूल चढ़ा कर आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की सुंदर झांकी निकाला गया मटका फोड़ प्रतियोगिता रखा गया। जिसमे सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा चढ बढकर हिस्सा लिया गया। जिसमें प्रथम विजेता 12 (ए) से सुमित राठौर रहे द्वितीय विजेता 12(बी)लोम्श कुमार रहे।

## टीपी नगर में हुई जमकर आतिशबाजी, महामाला से किया गया आत्मीय अभिनंदन

# कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का शहर में जगह- जगह हुआ स्वागत





भाजपा कार्यालय में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन आबकारी (वाणिज्य कर) और सार्वजानिक उपक्रम की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने के बाद गुरुवार को जिले में आगमन हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा पाली से लेकर टीपी नगर तक जगह जगह जोशीला स्वागत किया गया। मंत्री श्री देवांगन के टीपी नगर चौक आगमन पर बालको, दर्री, कोरबा, कोसाबाड़ी, सर्वमंगला नगर मंडल द्वारा आतिशी स्वागत किया गया।

**खास बात**

- पाली से लेकर भाजपा कार्यालय तक भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत

भाजपा जिला कार्यालय में मंत्री श्री देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया का भी अभिनंदन किया गया। भाजपा ज़िला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों व कार्यकर्ता द्वारा श्री देवांगन से भेंट कर उनहें बधाई दी गई। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कार्यकर्ताओ का आभार जताते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रदेश में हर विभाग में बहुत अच्छे कार्य हो रहे है, मोदी की गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अल्प समय पर पूरा किया है। शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री ने आबकारी और सार्वजनिक उपक्रम विभाग का अतिरिक्त दायित्व दिया है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा की विभाग को और बेहतर तरीके से संचालित हो। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एव कार्यकर्तवों का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ द्वारा जमकर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, राजेश राठौर, दिलेन्द्र यादव, योगेश मिश्रा, परबिंदर सिंह, अजय विश्वकर्मा, सुशील गर्ग, प्रकाश अग्रवाल, सत्येंद्र दुबे, युगल कैवर्त सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पाली, कटघोरा, छुरी, दर्री में स्वागत के लिए लगा तांता

पाली में भी भाजपा के पोड़ी लाफा मंडल अध्यक्ष विपिन कौशिक, पोडीउपरोडा मंडल अध्यक्ष चतुरभुवन नायक,पाली मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, चैतमा मंडल अध्यक्ष बृजेश, यादव, पाली नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्री देवांगन को नये दायित्व मिलने पर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसी तरह कटघोरा नगर के मुख्य चौक पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान चतुरभुवन नायक, पोंडी उपरोडा मंडल अध्यक्ष, अभिषेक गर्ग, कटघोरा मंडल अध्यक्ष, संजय शर्मा, जिला मंत्री, शमजीत सिंह, राम प्रसाद कोर्राम, बजरंग पटेल, आत्मा नारायण पटेल, श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती ललिता डिक्सेना, राजीव दीवान पार्षद, अजय गर्ग, मुकेश गोयल, श्याम कश्यप, राजेश गुप्ता, पवन जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसी तरह छुरी में भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पदमिनी देवांगन, कौशल देवांगन, प्रीतम देवांगन, नरेश देवांगन, हिरानन्द पंजवानी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसी तरह दर्री मंडल द्वारा एनटीपीसी गेट पर भी भव्य स्वागत किया गया।

## तीन लाख कोल कर्मियों के बोनस पर 22 को दिल्ली में होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बोनस को लेकर कोयला कर्मचारियों के बीच सरगर्मी बढ़ गई है। ऋषिकेश में आयोजित हुई मानकीकरण समिति की बैठक में कोल कर्मियों के लिए वर्ष 2025 के बोनस पर चर्चा करने की तारीख तय कर ली गई है। बताया गया है कि 22 सितम्बर को नई दिल्ली में बोनस तय करने बैठक का आयोजन किया जाएगा।

**खास बात**

- श्रमिक संगठनों द्वारा ज्यादा बोनस दिलाने बनायी जा रही रणनीति

उल्लेखनीय है कि कोयला कंपनियों में काम करने वाले 3 लाख से अधिक कर्मियों के बोनस पर 22 सितंबर को दिल्ली में होनी वाली बैठक में फैसला होगा। प्रबंधन ने इसकी सूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही यूनियनों ने पिछली बार से ज्यादा बोनस के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। कोयला कर्मियों को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती पर मामला शांत नहीं हुआ है। कई कंपनियों में एरियर्स भुगतान नहीं होने की शिकायत कर्मियों को है। इस बीच दुर्गा पूजा से पहले मिलने वाले बोनस पर चर्चा शुरू हो गई है। कर्मियों के बीच इसे लेकर सरगर्मी है। इस बीच प्रबंधन ने बोनस निर्धारण के लिए मीटिंग फिक्स कर दी है। 22 सितंबर को कोयला कर्मियों के पीएलआर (बोनस) को लेकर बैठक होगी। कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से जीएम (एमपी एंड आईआर) डीजे नायक की ओर से इसकी सूचना जारी कर दी गई है। सीआईएल की तरफ से बैठक को लेकर सूचना कोल इंडिया चेयरमैन, निदेशक पीएंडआईआर, सीआइएल के सभी अनुषांगिक कंपनियों के सीएमडी, यूनियन प्रतिनिधियों में बीएमएस नेता बीके राय, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार, सीटू के डीडी रामनंदन व सीएमओएआई प्रेसीडेंट वीपी सिंह को दी गई है। यूनियन नेताओं का कहना है कि कर्मियों को पिछली बार से ज्यादा व बेहतर बोनस के लिए कोशिश की जाएगी। यूनियन ने कहा पिछली बार से ज्यादा बोनस दिलाने कोशिश की जाएगी।

### रंजना में 58 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा के ग्राम पंचायत रंजना में 57.82 लाख रुपये के डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) फंड से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र के समग्र विकास को दर्शाता है। शामिल कार्यों में सीसी रोड निर्माण (ठाकुर देव से तीलवारी पारा) लागत 10 लाख रुपये, सीसी रोड निर्माण (शंकरलाल घर से जलाशय की ओर) लागतः 11.50 लाख रुपये, व्यावसायिक परिसर निर्माण लागतः 15 लाख रुपये, अतिरिक्त कमरा निर्माण (हाई स्कूल परिसर) लागत 7.63 लाख रुपये, आंगनबाड़ी भवन निर्माण - लागत 11.69 लाख रुपये, बोर सबमर्सिबल पंप स्थापना कार्य लागत 2 लाख रुपये की परियोजनाएं ग्रामीण बुनियादी ढांचे, शिक्षा, और सामुदायिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। भूमिपूजन समारोह में युवा आयोग के पूर्व सदस्य रघुराज सिंह उईके, विधायक प्रतिनिधि रवि रजक, राजकुमार कश्यप आदि उपस्थित थे।

## सम्मानित किए गए महापौर आयुक्त और स्वच्छता कर्मी



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता अभियान में कोरबा को राष्ट्र में आठवें स्थान पर लाने वाले निगम के महापौर आयुक्त और स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। महापौर और आयुक्त ने कहा है कि हमारा प्रयास है कि अगले वर्ष कोरबा प्रथम स्थान पर विराजमान हो।

भारत विकास परिषद द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत, निगम आयुक्त आशुतोष पांडे और स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। देश में आठवीं स्थान पर कोरबा को लाकर नगर को गौरवान्वित करने वाले जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान परिषद के पदाधिकारियो ने किया। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत ने भारत विकास परिषद के प्रयास की सराहना की उन्होंने कहा कि निगम का जमीनी अमले का सम्मान आवश्यक है क्योंकि यही वह लोग हैं जो स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। महापौर ने निगम अधिकारियों के कर्तव्य निर्वहन को भी खूब सराहा। निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने शायराना अंदाज में अपने भाव प्रकट कर उपस्थित लोगों को सम्मोहित कर लिया। उन्होंने बताया की नगर निगम कोरबा ने स्वच्छता अभियान के लिए जितनी योजनाएं बनाई हैं उन पर अमल शुरू हो गया है और भरोसा है की आम जनता की मदद से कोरबा नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। भारत विकास परिषद के प्रांत महासचिव नरेश अग्रवाल कोरबा के अध्यक्ष कमलेश यादव शक्ति स्वरूपा की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दानी ने भी अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि कोरबा को स्वच्छता अभियान में जिस मुकाम पर वर्तमान अधिकारियों कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचाया है हम सब मिलकर उनके साथ दें और कोरबा को देश में प्रथम सोपान तक पहुंचाएं। भारत विकास परिषद द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी परिषद के वरिष्ठ और अत्यंत सक्रिय सदस्य धर्मेंद्र कुदेशिया ने दिया वही नेत्रदान देहदान प्रकल्प के प्रभारी महेश गुप्ता ने प्रकल्प के बारे में समग्र जानकारी लोगों को दी। भारत विकास परिषद के कोरबा महासचिव कन्हैया सोनी ने आभार प्रदर्शन किया वह कार्यक्रम का सफल संचालन अंजना सिंह और विष्णु शंकर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद और शक्ति स्वरूपा के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## एमपी नगर विस्तार में रिक्त जमीनों को गंदगी से मुक्त करने बनेंगे मिनी गार्डन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित रविशंकर नगर जोनांतर्गत आने वाले महाराणा प्रताप नगर विस्तार में स्थित सामुदायिक भवन के पास व एक अन्य स्थान पर स्थित रिक्त जमीनों को गंदगी मुक्त किए जाने व वहां के निवासियों की मांग व सुविधा के मद्देनजर मिनी गार्डन का निर्माण किया जाएगा तथा पूर्व में स्थापित उद्यानों की व्यवस्थाएं सुधारी जाएगी। इसी प्रकार घंटाघर मुड़ापार रोड पर रिक्त भूमि में छोटी दुकानों का निर्माण कर कामर्शियल लेन बनाए जाने की कार्ययोजना पर भी कार्य किया जाएगा। साथ ही बरसात के बाद जीर्ण सड़कों का डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य भी होगा।

**खास बात**

- निगम अधिकारियों के साथ आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर ली समस्याओं की जानकारी



निरीक्षण करते निगम आयुक्त व अन्य।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय गुरूवार को अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान अधिकारियों की टीम के साथ महाराणा प्रतापनगर आवासीय क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था, सड़क, नाली, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, सी एण्ड डी वेस्ट एवं उद्यान आदि से जुड़ी विविध समस्याओं का अवलोकन किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने नागरिकों की मांग एवं खाली पड़ी रिक्त जमीनों को गंदगी से मुक्त करने के लिए 2 स्थानों पर मिनी गार्डन का निर्माण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार घंटाघर से मुड़ापार की ओर जाने वाली सड़क के किनारे रिक्त जमीन में समय-समय पर होने वाले अतिक्रमण, अवैध कब्जों व अस्थाई दखल की समस्या को दूर करने के लिए वहां पर छोटी दुकानों का निर्माण एवं इन दुकानों को छोटे व्यवसायियों को आबंटित कर एक कामर्शियल लेन बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार एमपी नगर मुख्य मार्ग पर बना ली गई अवैध गुमठियों व अवैध कब्जों के स्थान पर दुकान बनाकर छोटे व्यवसायियों को आबंटित किए जाने की योजना पर भी कार्य करने को कहा। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, उप जोन प्रभारी अविनाश जायसवाल, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, रामप्रसाद मिर्री आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुई महतारी सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाते हुए महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। महतारी सम्मेलन में माताओं एवं महिलाओं को एक साथ लाकर उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पोषण व स्वास्थ्य एवं महिला अधिकारों से अवगत कराते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं के विषय में जानकारी जैसे चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीड़न, कार्य स्थल में लैंगिक उत्पीड़न, साइबर बुलिंग, आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता 2023, साइबर ग्रूमिंग, सोशल मीडिया में होने वाले समस्या, यौन शोषण, चाइल्ड पोर्नाग्राफी, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, फर्जी वीडियो कॉल, फर्जी आई डी से फ्रेंडशिप फेसबुक या इंस्टा, साइबर स्टाकिंग, ऑन लाइन जॉब, सोशल मीडिया में प्राइवेट रखना चाहिए, ऑन लाइन ठगी, इत्यादि जानकारी दी गई। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाते हुए एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को पाली में स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर का भ्रमण कराया गया।

## चैतमा में हुआ ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली



विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत चैतमा में बुधवार को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला विधिवत धन्वन्तरी का पूजा अर्चना में अतिथि राजलाल सिन्द्राम सरपंच, सुकालू प्रजापति उपसरपंच, पूर्व सरपंच विपति बाई, संसद प्रतिनिधि डी के आदिले वरिष्ठ नागरिक अमरनाथ कैवर्त ग्राम पंचायत चैतमा के जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय आयुष मेला का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें 300 बड़े बुजुर्ग, युवाओं, महिलाओं माताओं सेजस चैतमा के विद्यार्थियों विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओं ने ग्राम के गणमान्य नागरिक और आम जन मानस स्वास्थ्य लाभ लिया। विभिन्न रोगों के निदान के लिए निःशुल्क औषधि दिया गया। स्कूल के छात्र और छात्राएं भी बड़ी संख्या में पहुंचें और चिकित्सकों से मिलकर सलाह लिए। उक्त शिविर में गांव और आसपास से आए जिन्होंने सर्दी, जुकाम, बुखार, वातरोग, उदर रोग, कर्णरोग, मुखरोग, स्त्री रोग, बी.पी., शुगर, आदि बीमारियों का निःशुल्क जांच कराया और दवाई वितरण किया गया। पूरा कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.तृप्ति तिवारी चिकित्साधिकारी औषधालय चैतमा के अध्यक्षता और डॉ.आलोक तिवारी, डॉ.सीमा पाटले, डॉ.गौरी शंकर साहू, डॉ.विजेंद्र रस्तोगी, डॉ.लीलिमाशशि, भरत सिंह सिदार, ऋषिकुमार,वेदप्रकाश, शेख रिज़वान, करमचंद, जानकी आदिले राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आबकारी की टीम पर...

उरगा पुलिस के द्वारा आरोपीगणो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए आरोपीगण शंकर खडिया उम्र 23 वर्ष पिता स्व. सुकलाल खड़िया, श्रीमती नीलम खड़िया उम्र 30 वर्ष पति गेंदराम खड़िया, श्रीमती बीरिज बाई खड़िया उम्र 50 वर्ष पति स्व. सुकलाल खड़िया, श्रीमती उत्तरा बाई खड़िया उम्र 24 वर्ष पति संजय खड़िया, श्रीमती बीमा बाई उम्र 20 वर्ष पति शंकर खड़िया, श्रीमती रमला बाई खड़िया उम्र 40 वर्ष पति उमेद खड़िया, श्रीमती कुमारी बाई खड़िया उम्र 27 वर्ष पति दर्शन खडिया, श्रीमती रमा बाई खड़िया उम्र 35 वर्ष पति शिवप्रसाद खडिया, श्रीमती सावन बाई खड़िया उम्र 40 वर्ष पति संतराम खड़िया, श्रीमती गुरूवारिन बाई खड़िया उम्र 35 वर्ष पति समेलाल खड़िया, श्रीमती साधना बाई खड़िया उम्र 31 वर्ष पति सुमन खड़िया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा छ0ग0**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202508051700002
बी-121/2024-25
ग्राम बांकीमोंगरा प.ह.नं. 43
तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग.

एतद द्वारा आम जनता ग्राम बांकीमोंगरा प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. बांकी तहसील कटघोरा जिला कोरबा को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक वाहिदखान पिता फकीर खान निवासी ग्राम बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 19.08.1960 को स्थान बांकीमोंगरा के घर में होने का लेख करते हुए स्थानीय रजिस्टार जन्म मृत्यु को जन्म प्रमाण पत्र को संबंधित पंजी में दर्ज करने हेतु उप रजिस्टार जन्म निदेर्षित करने बाबत शपथ पत्र पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण पत्र एवं परिशुद्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हो तो वह दिनांक 22.08.2025 तक आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है तिथि पोरान्त प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**कटघोरा**

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
NABH

अगस्त 2025
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

24 अगस्त 2025 (रविवार)
डॉ. जयेश शर्मा (कैंसर सर्जन)
डॉ. अनिल कुमार चौहान (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ)

29 अगस्त 2025 (शुक्रवार)
डॉ. कुंवर सिद्धार्थ सौरभ (वैस्कुलर एवं एंडोवैस्कुलर सर्जन)
डॉ. सतीष सूर्यवंशी (कार्डियोलॉजिस्ट)

30 अगस्त 2025 (शनिवार)
डॉ. रौनक कलवानी (प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन)

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 24 को

**कोरबा।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय कोरबा में कक्षा 11 वीं में 20 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु परीक्षा 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में आयोजित किया गया है। परीक्षार्थियों को 24 अगस्त को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 10 बजे पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। प्रवेश पत्र का वितरण परीक्षा केन्द्र में किया जायेगा। पात्र-अपात्र, परीक्षा केन्द्र, रोल नंबर इत्यादि की सूची का अवलोकन वेबसाइट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन में किया जा सकता है।

### अंडर 14 के क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन 25 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने सत्र वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न आयु वर्गों के जिला क्रिकेट टीम चयन की तिथि घोषित की है। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बी.बी साहू ने बताया कोरबा डिस्ट्रिक्ट जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 14 के लिए 25 अगस्त को चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी,जिसमें राज्य क्रिकेट संघ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। अंडर 14 ट्रायल कोरबा स्थित एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप क्रिकेट स्टेडियम में संपन्न होगा। पात्र अंडर 14 के खिलाड़ियों का बर्थ कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के मध्य होना आवश्यक है। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों वाले खिलाड़ियों को अंतिम 6 वर्ष की अंक सुची,कलर फोटो, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नवीन पंजीयन वाले खिलाड़ियों को पंजीयन कराना आवश्यक है। वही पूर्व में शॉर्ट लिस्ट हुए खिलाड़ियों के साथ नवीन खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा ले सकते है। चयन प्रक्रिया में अंडर 14 के लिए बतौर चयनकर्ता अनिल प्रजापति, विशाल दुबे,युवराज सिंह उपस्थित रहेंगे।

### फ्लिपकार्ट से मंगाया प्रोटीन पाउडर, निकला मिलावटी आटा

**कोरबा।** कोरबा के रविशंकर शुक्ला नगर में ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ा एक मामला सामने आया है। बोलबम ट्रेडर्स के मालिक उत्तम चंद्र गोयल ने फ्लिपकार्ट से प्रोटीन पाउडर ऑर्डर किया। पैकेट खोलने पर उसमें गेहूं और चावल का मिलावटी आटा निकला। दुकानदार ने इस धोखाधड़ी को साबित करने के लिए दोबारा वही प्रोडक्ट ऑर्डर किया। डिलीवरी स्टाफ की मौजूदगी में पैकेट खोला गया। इस बार भी उसमें मिलावटी आटा ही निकला। इस घटना से व्यापारी को करीब 5 से 6 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। श्री गोयल ने इस घटना का वीडियो बनाकर लोगों के बीच शेयर किया है। उन्होंने लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग के प्रति सावधान रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ऐसी धोखाधड़ी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिलीवरी बॉय नवजीत सिंह ने बताया कि वह कंपनी से आए सामान की डिलीवरी करने आया था। जब सामान खोलकर देखा गया तो उसमें आटा निकला। इसकी शिकायत ऑनलाइन कंपनी और संबंधित एजेंसी को कर दी गई है।

### सेजेस पसान में होगी शिक्षकों की नियुक्ति

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पसान, वि.खं. पोड़ी उपरोड़ा में शिक्षको की पदस्थापना को लेकर वहां के छात्र-छात्राओं के द्वारा पसान में चक्का जाम किया गया था, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी.उपाध्याय द्वारा संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा को तत्काल पसान जाकर स्कूल की समस्या के संबंध में प्रतिवेदन देने के लिए निर्देशित किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पसान में वर्तमान में स्वीकृत सेटअप के विरूद्ध 11 पद शिक्षक के रिक्त है, जिस पर छात्रों के द्वारा शिक्षक व्यवस्था का मांग की जा रही है। उपरोक्त रिक्त 11 पदों पर 2 वर्ष पूर्व जिला स्तर से संविदा शिक्षको की भर्ती की गई थी परन्तु इन शिक्षकों द्वारा अन्यत्र नियुक्त हो जाने संबंधी कारणों से एक-एक करके त्यागपत्र दे दिया गया, जिसके कारण पद रिक्त हो गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सेजेस पसान में शीघ्र ही रिक्त 11 पदो पर अतिथि/मानदेय शिक्षक की व्यवस्था करने आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।





**कोरबा।** कटघोरा के राजा का नगरवासियों ने किया दीदार एवं रैली में निकाली गई हनुमान की झांकी।

### दक्षिण भारत के पद्मनाभस्वामी मंदिर का 111 फिट पंडाल रहेगा आकर्षण का केंद्र

# कटघोरा का राजा: विघ्नहर्ता की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के राजा के नाम से प्रसिद्ध गणेश प्रतिमा का आगमन बुधवार शाम भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। यह प्रतिमा राजनांदगांव जिले के ग्राम थनौद के कारीगरों ने बनाई है। प्रतिमा के स्वागत में न केवल कटघोरा बल्कि आसपास के क्षेत्रों और जिले भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

कटघोरा में बुधवार की शाम शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां सजाई गई। स्केटिंग कलाकारों और रंगोली कलाकारों ने रास्ते भर अपनी कलाकृतियों से लोगों का मन मोह लिया। महाराष्ट्र से आए धुमाल पार्टी ने ढोल ताशों की धुन से माहौल को उत्सवमय बना दिया, वहीं डीजे की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शंखनाद और धार्मिक गीतों से पूरा वातावरण गणेशमय हो गया। उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी में अब केवल एक सप्ताह शेष हैं और जिले भर में इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में कटघोरा नगर में जयदेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यहां गणेशोत्सव का आयोजन भव्यता और श्रद्धा का प्रतीक बनने जा रहा है। स्वागत समारोह में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए और सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री पटेल ने कहा कि जयदेवा गणेशोत्सव समिति का यह आयोजन न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य और देश में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। इस बार समिति द्वारा दक्षिण भारत के पद्मनाभस्वामी मंदिर की तर्ज पर 111 फीट ऊंचे भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा।



रैली में ढोल ताशा में डांस करते श्रद्धालुगण।

#### आकर्षण का केंद्र बना कटघोरा का राजा

हर साल की तरह इस वर्ष भी कटघोरा का राजा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है। भव्य प्रतिमा और विशाल पंडाल को देखने न सिर्फ जिले से बल्कि अन्य जिलों और आसपास के क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति का प्रयास है कि यह उत्सव केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक न रहकर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश भी दे। कटघोरा का यह भव्य आयोजन लगातार अपनी ख्याति पूरे प्रदेश में फैला रहा है और निश्चित रूप से यह कटघोरा के लिए गौरव की बात है।

#### समाज को एकता का दे रहे संदेश: नरेन्द्र

शोभायात्रा में पहुंचे भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समिति के युवा सदस्य अपनी पहचान से ऊपर उठकर समाज को एकता और भव्यता का संदेश दे रहे हैं। सनातन धर्म पर लोगों का अटूट विश्वास जयदेवा गणेशोत्सव समिति ने यहां बाखूबी प्रदर्शित कर रहा है, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल भी इस मौके पर उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की।

#### फेस-1 में होगा आरपीनगर के राजा का स्वागत



**कोरबा।** पर्व और त्यौहारों का मौसम आते ही पूरे देश में गणपति बप्पा के आने की प्रतीक्षा बड़ी बेसब्री से रहती है। कहीं ढोल, कहीं नगाड़े, कहीं डीजे तो कहीं अन्य भव्य तरीके से गणेश का स्वागत किया जाता है। ठीक वैसे ही युवा गणेश उत्सव समिति आर पी नगर कोरबा द्वारा फेस-1 में आयोजित गणेशोत्सव में गणेश जी का स्वागत पूरे धूमधाम से किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि इस बार गणपति बप्पा का स्वागत महाराष्ट्रीयन ढोल ताशा और जबर्दस्त आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। जहाँ भगवान गणेश घंटाघर से चलकर फेस 1 में विराजमान होंगे। विगत 5 वर्षों से धूमधाम से इस उत्सव को मनाने वाली युवा गणेश उत्सव समिति हर वर्ष नए-नए कार्यक्रमों के लिए भी पूरे कोरबा में ख्यातिप्राप्त है। अध्यक्ष साईंराम शर्मा, सचिव डब्बू अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मानस पीएम से बातचीत में पता चला कि प्रतिदिन अलग-अलग सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अब तक तय हुए कार्यक्रमों की सूची में 29 अगस्त को रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का कार्यक्रम होगा जिसमें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर कवयित्री डॉ. अंजना सिंह के संयोजन और भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सेवारत देश के सुप्रसिद्ध हास्य कवियों में शुमार हीरामणी वैष्णव के संचालन में रीवा से हास्य कवि अमित शुक्ला, इंदौर से ओज कवि हिमांशु हिंद, नरसिंहपुर से हास्य कवि विकास बैरागी और अकलतरा से हास्य कवि बंशीधर मिश्रा अपनी कविताओं की झमाझम प्रस्तुति देंगे। जबकि 1 सितंबर को रात्रि 8 बजे से जागरण का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें रायगढ़ के युवा भजन सिंगर महेश साहू कोरबा को अपने भक्ति गीतों से नृत्य करने पर मजबूर कर देंगे और अंततः 2 सितंबर को हवन, पूजन और विशाल भंडारा के साथ गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। समिति के अन्य पदाधिकारियों में गौरव केडिया, नीलेश कर्ष, मुकुल देव पटेल, शुभम साहू, अर्पित बरोई, रूपम साहू, अनिमेष और लक्की का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है।

#### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी और बांगों थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा ने सुरक्षा की कमान संभाली। भारी वाहनों को शहर में प्रवेश से रोककर बायपास से डायवर्ट किया गया ताकि दुर्घटनाओं की आशंका न रहे। पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती से आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## आश्वासन के बाद ट्रक मालिकों की हड़ताल स्थगित, बैठक का दौर जारी



प्रदर्शन करते ट्रक मालिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति द्वारा जारी कामबंद हड़ताल पर मांगों को पूरा करने संबंधी आश्वासन के बाद फिलहाल ब्रेक लग गया है। हड़ताल के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा खदान में ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे। इसके बाद दूसरे दिन गुरूवार को एसईसीएल प्रबंधन ने समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। देर शाम तक समिति व प्रबंधन के बीच बैठक का दौर जारी रहा। हालांकि भाड़ा वृद्धि संबंधी मांगों को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के बैनर तले जिले के खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलर मालिकों ने 25 प्रतिशत भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। हड़ताल के पहले दिन मानिकपुर व कुसमुंडा खदान में ट्रकों व ट्रेलरों के पहिए थमे रहे। मानिकपुर व कुसमुंडा दोनों खदानों के फेस पर संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला था। जिसके बाद लिफ्टरों ने भाड़ा वृद्धि संबंधी मांगों को पूरा करने संबंधी आश्वासन दिया था। जिसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने फिलहाल कामबंद हड़ताल को रोक दिया है। गुरूवार को दूसरे दिन एसईसीएल प्रबंधन ने समिति के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। देर शाम तक प्रबंधन व समिति के पदाधिकारियों के बीच वार्ता का दौर जारी रहा।

## ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वाले एक दर्जन वाहन चालकों पर गिरी गाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार सड़कों पर उतरकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें ब्लैक फिल्म लगाकर चार पहिया वाहन चलाने वालों के साथ-साथ मोडिफाइड साइलेंसर व बिना नंबर प्लेट के घूमने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिला पुलिस के टीम ने जिले में 12 ब्लैक फिल्म के खिलाफ कार्यवाही कर चलाने की कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले के विभिन्न थाना व चौकी प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ब्लैक फ़िल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर एवं शहर में बिना अनुमति बज रहे डीजे के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 12 वाहन से ब्लैक फ़िल्म हटाई गई एवं चालानी कार्यवाही की गई। 7 मॉडिफाइड साइलेंसर जप्त किए गए। 2 डीजे (बिना परमिशन एवं तेज ध्वनि विस्तारक के उपयोग में पाए जाने पर) जप्त किए गए। पुलिस द्वारा यह अभियान आमजन की सुविधा, शांति व्यवस्था एवं कानून का पालन सुनिश्चित कराने हेतु लगातार जारी है। कोरबा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि सड़क सुरक्षा, ध्वनि प्रदूषण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा उल्लंघन की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना व चौकी या पुलिस नियंत्रण कक्ष में दें।




## बीसीपीपी कालोनी की समस्याओं पर आयुक्त ने ली एनटीपीसी व बालको प्रबंधन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बीसीपीपी कालोनी की समस्याओं को लेकर एनटीपीसी व बालको प्रबंधन के अधिकारियो की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कालोनी में रह रहे नागरिकों का अधिकार है कि उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिले। वहाँ की समस्याओं को दूर करने, नियमित साफ-सफाई कराने व उचित प्रबंधन किए जाने का कार्य प्रतिष्ठान करें।

एनटीपीसी कालोनी कृष्णाविहार में बालको की बीसीपीपी कालोनी स्थित है, जहां पर नियमित साफ-सफाई, कचरे का संग्रहण आदि का कार्य नहीं हो रहा, साथ ही वहां पर अन्य समस्याएं भी व्याप्त हैं, इसकी जानकारी प्राप्त होने पर विगत दिनों महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने भी बीसीपीपी कालोनी का दौरा कर वहां की समस्याएं देखी थी तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने भी बीसीपीपी कालोनी का दौरा किया, मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड पार्षद अजय कुमार चन्द्रा व निगम अधिकारियों के साथ कालोनी का भ्रमण करते हुए उन्होंने समस्याओं का जायजा लिया तथा इस संबंध में एनटीपीसी व बालको प्रबंधन की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान एन.टी.पी.सी. के अधिकारियों ने कहा कि उक्त कालोनी में 360 आवासगृह स्थित हैं, जिनमें पानी, बिजली व सीवर संबंधी कार्यों के लिए उन्हें बालको प्रबंधन से राशि मिलती है तथा यह कार्य हम करते हैं, किन्तु कालोनी की नियमित साफ-सफाई, कचरे का संग्रहण व अपशिष्ट का प्रबंधन का कार्य बालको प्रबंधन का है, अतः बालको इस कार्य को करें। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, बालको के एक्सटर्नल अफेयर हेड कुशाग्र कुमार, एनटीपीसी के एजीएम शशिशेखर, बालको के लैण्ड एण्ड लीगल टीम हेड प्रमोद नायक, एनटीसीसी के सीनियर मैनेजर शशांक झाजेड, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर तपन तिवारी आदि उपस्थित थे।




